परीक्षा सम्बन्धी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश :

1. परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.kuk.ac.in पर डाली गई नवीनतम डेट शीट से तारीखों की जांच/सत्यापन करना होगा ।
2. विश्वविद्यालय सभी स्नातक/स्नातकोत्तर अंतिम सैमेस्टर/वर्ष तथा रि-अपीयर ईवन सैमेस्टर/वर्ष के छात्रों की परीक्षाएं आयोजित करवाएगा ।
3. परीक्षार्थी अपने रोल नंबर कार्ड पर अपनी नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो लगाएगा तथा निश्चित स्थान पर अपने हस्ताक्षर करेगा ।
4. प्रश्न पत्र **http://onlinepaper.kuk.ac.in** लिंक पर उपलब्ध कराए जाएंगे।
5. पेपर शुरू करने से पहले प्रत्येक परीक्षार्थी यह सुनिश्चित करेगा कि उसने सही प्रश्न पत्र **http://onlinepaper.kuk.ac.in** लिंक से डाउनलोड किया है।
6. परीक्षार्थी द्वारा गलत प्रश्न पत्र के प्रयास की कोई शिकायत बाद मे नही सुनी जाएगी।
7. पेपर पर लिखने के लिए परीक्षार्थी केवल नीली/काली स्याही वाले पेन का उपयोग करेगा ।
8. परीक्षार्थी को किसी भी प्रश्न को चुनकर 50 प्रतिशत पेपर हल करना होगा । हालांकि परीक्षार्थी यह भी सुनिश्चित करेगा कि उसने पेपर के अधिकतम अंकों के 50 प्रतिशत के बराबर प्रश्न पत्र हल किया है ।
9. परीक्षार्थी विश्वविद्यालय वेबसाइट से प्रश्न पत्र डाउनलोड/नोट करेगा और A-4 आकार के पृष्ठों (www.kuk.ac.in पर उपलब्ध नमूना) पर प्रश्न पत्र को अपनी लिखाई से हल करेगा और अधिकतम पृष्ठ सीमा 20 होगी ।
10. परीक्षार्थी प्रश्नों की क्रम संख्यावार प्रश्न हल करेगा और उत्तरपुस्तिका के प्रत्येक पृष्ठ पर पृष्ठ संख्या, रोल नंबर तथा पेपर कोड लिखेगा ।
11. परीक्षार्थी उत्तरपुस्तिका के प्रत्येक पृष्ठ पर अपने हस्ताक्षर भी करेगा । बिना हस्ताक्षरों के उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन नही किया जाएगा ।
12. परीक्षार्थी उत्तरपुस्तिका पर अपना मोबाइल नंबर का उल्लेख न करें अन्यथा UMC बनाई जाएगी।
13. ईमेल से प्रश्न पत्र डाउनलोड करने, प्रश्न पत्र हल करने तथा उत्तरपुस्तिका को ईमेल करने तक का समय 3 घंटे का होगा ।
14. परीक्षार्थी उत्तरपुस्तिकाओं को रोल नंबर के साथ .pdf प्रारूप मे रोल नंबर पर उल्लिखित ईमेल आईडी पर ईमेल करेगा।
15. उत्तरपुस्तिकाएं ईमेल करते समय परीक्षार्थी को यह सुनिश्चित करना होगा कि उत्तरपुस्तिका का पहला पृष्ठ **http://onlinepaper.kuk.ac.in** लिंक से डाउनलोड किया गया रोल नंबर हो । शेष पृष्ठों को क्रम संख्या मे ईमेल किया जाएगा ।
16. यदि परीक्षार्थी द्वारा चुने गए 2 विषयों मे परीक्षा एक ही तिथि पर होगी तो परीक्षार्थी को निर्धारित समय अवधि के अन्दर एक ही तिथि मे दोनों प्रश्न पत्रों का प्रयास करने की आवश्यकता होगी।
17. विस्तृत परीक्षा संबंधी निर्देशों के लिए कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.kuk.ac.in पर देखें।